# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (20.06.2025)

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:20.06.2025, PAGE-06

# पोर्टल पर डाले जाएंगे विवि के रिसर्च

- राष्ट्रीय अभिलेखागार से रजिस्ट्रार को भेजा पत्र
- रिसर्च दूसरे विवि के लिए उपयोगी बनाने की कोशिश

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीआरएबीयू में होने वाले शोध अब राष्ट्रीय अभिलेखागार के अभिलेख पटल पोर्टल पर डाले जाएंगे। इसके लिए राष्ट्रीय अभिलेखागर से बीआरएबीयू के रजिस्ट्रार को पत्र भेजा गया है। पत्र में कहा गया है कि विवि में होने वाले शोध को अभिलेख पोर्टल पर भी डाला जाये ताकि यह रिसर्च अन्य लोगों के लिए भी काम आ सके।

बीआरएबीयू में पहली बार होने वाले शोध को अभिलेखागार के पोर्टल पर अपलोड करने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। बीआरएबीयू में होने वाले रिसर्च अब तक शोध गंगा पर अपलोड किये जाते थे। राष्ट्रीय अभिलेखागार की तरफ से बीआरएबीयू को भेजे गये पत्र में कहा गया है कि अभिलेखागार पहली बार अभिलेख पटल पोर्टल लांच कर रहा है। यह पोर्टल सभी शोध करने वाले छात्रों के लिए सुलभ रहेगा। वह अपने शोध इस पर देख सकेंगे और अपलोड भी कर सकेंगे। इसके अलावा दूसरे विश्वविद्यालयों के होने वाले शोध को भी इस पोर्टल के जरिये वह देखे सकेंगे।

राष्ट्रीय अभिलेखागार के संयुक्त निदेशक ने बीआरएबीयू के रजिस्ट्रार को कहा है कि वह इस अभिलेख पटल पोर्टल के बारे में सभी छात्रों को बतायें ताकि वह अपने रिसर्च इस पर डाल सकें। संयुक्त सचिव का कहना है कि छात्र अभिलेख पटल के पोर्टल पर जाकर रिकार्ड डाउनलोड व अपलोड करने की प्रक्रिया भी देख सकते हैं।

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## DATE:20.06.2025, PAGE-06

# छूटे हुए छात्रों की प्रैक्टिकल परीक्षा शुरू

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में स्नातक के सत्र 2019-22, 2020-23, 2021-24 के छूटे हुए छात्रों की प्रैक्टिकल परीक्षा गुरुवार से शुरू हो गई। परीक्षा 21 जून तक चलेगी। उधर, परीक्षा फार्म नहीं भर पाने वाले कई छात्र परीक्षा विभाग पहुंचे। परीक्षा नियंत्रक ने उन्हें 20 जून को चालान जमा कर परीक्षा देने की इजाजत दी है।

# परीक्षा नियंत्रक ने पदभार ग्रहण किया

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के नये परीक्षा नियंत्रक डॉ. राम कुमार ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। परीक्षा विभाग के कर्मचारियों ने उनका फूलमाला से स्वागत किया। इस मौके पर रंजीत कुमार, दीपेंद्र भारद्वाज, पप्पू कुमार आदि शामिल रहे। वहीं रजिस्ट्रार प्रो. समीर कुमार शर्मा ने अभी पदभार नहीं लिया है। शुक्रवार को उनके कार्यभार संभालने की उम्मीद है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE:20.06.2025, PAGE-02**

स्टूडेंट्स को राहत • 500 रुपए विलंब शुल्क जमा करना होगा, 23 तक कॉलेजों को भेजना है विवरण

## अंतिम अवसर : वोकेशनल कोर्स और स्पेशल पार्ट वन के छात्र 21 तक भरेंगे परीक्षा फॉर्म

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में वोकेशनल कोर्स और स्पेशल पार्ट वन के छात्र 21 जून तक फार्म भर सकते हैं। इससे दर्जनों कोर्स के हजारों छात्र-छात्राओं को राहत मिली है, जो किसी कारणवश समय पर आवेदन या शुल्क जमा नहीं कर सके थे। वोकेशनल कोर्स के छात्र 21 जून तक 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। फॉर्म भरने के बाद उसका प्रिंट आउट संबंधित कॉलेज या विभाग में जमा कर शुल्क भुगतान करना होगा। विश्वविद्यालय ने सभी कॉलेजों व विभागों को निर्देश दिया है कि वे 23 जून तक सभी विद्यार्थियों का शुल्क और विवरण विश्वविद्यालय को भेज दें। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि कई छात्रों ने आवेदन कर तिथि विस्तार की मांग की थी, जिसे देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। संभावना है कि



वोकेशनल कोर्स की परीक्षा जून के अंत तक शुरू हो जाएगी। एडमिट कार्ड परीक्षा से तीन-चार दिन पूर्व जारी कर दिए जाएंगे। दूसरी ओर, स्पेशल पार्ट वन की प्रैक्टिकल परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए भी अंतिम मौका दिया गया है। जिन विद्यार्थियों ने अब तक प्रैक्टिकल परीक्षा का शुल्क जमा नहीं किया है, वे शुक्रवार तक 500 रुपये का चालान कटाकर बैंक में शुल्क जमा कर सकते हैं। आरबीबीएम कॉलेज में स्पेशल पार्ट वन की प्रैक्टिकल परीक्षा 21 जून तक संचालित की जाएगी। इसमें केवल वही विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे, जिन्होंने पूर्व में स्पेशल पार्ट वन की परीक्षा दी है।

### इतिहास में 42,082 तो जियोलॉजी व लोक प्रशासन में महज एक-एक आवेदन आया

मुजफ्फरपुर | बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक सत्र 2025-28 के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इस बार कुल 1 लाख 59 हजार 181 छात्रों ने विभिन्न विषयों में नामांकन के लिए आवेदन किया है। लेकिन विषयों की पसंद-नापसंद के आंकड़े विश्वविद्यालय और शिक्षाविदों के लिए सोचने का विषय बन गया है।

जहां एक ओर इतिहास में सबसे अधिक 42,082 आवेदन आए हैं। वहीं दूसरी ओर जियोलॉजी और लोक प्रशासन जैसे विषयों में सिर्फ एक-एक छात्र ने ही आवेदन किया है। इसी तरह एलएसडब्ल्यू (लेबर एंड सोशल वेलफेयर) और मैथिली में महज छह-छह, और परसियन में केवल चार छात्रों ने नामांकन के लिए रुचि दिखाई है। हिंदी विषय भी छात्रों की पसंद बना रहा, जिसमें 27,623 आवेदन प्राप्त हुए हैं। विज्ञान संकाय की बात करें तो जूलॉजी विषय में सर्वाधिक 13,690 छात्रों ने रुचि दिखाई है, जो इस विषय की बढ़ती उपयोगिता और करियर संभावनाओं को दर्शाता है। विश्वविद्यालय अब जल्द ही एडमिशन कमेटी की बैठक बुलाकर नामांकन प्रक्रिया और सीट निर्धारण पर चर्चा करेगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR**
**DATE: 20.06.2025, PAGE-02**

# नए परीक्षा नियंत्रक डॉ. राम कुमार ने कार्यभार संभाला

सिटीरिपोर्टर|मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में गुरुवार को डॉ. राम कुमार ने विधिवत रूप से परीक्षा नियंत्रक का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कुलपति कार्यालय पहुंचकर अपना योगदान पत्र सौंपा। कार्यभार ग्रहण करने के बाद डॉ. राम कुमार सीधे परीक्षा विभाग पहुंचे और वहां की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। पहले ही दिन उन्होंने वोकेशनल कोर्स के विद्यार्थियों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि को विस्तारित करने का आदेश जारी किया। इससे हजारों छात्र-छात्राओं को राहत मिली है जो किसी कारणवश अब तक फॉर्म नहीं भर पाए थे। डॉ. राम कुमार के योगदान के मौके पर विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. जयकांत सिंह, डॉ. सुनील कुमार सिंह, प्रो. प्रमोद कुमार, डॉ. अनिल ओझा, संपदा पदाधिकारी डॉ. दिलीप कुमार, इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेजेज डॉ. राजीव कुमार, डिप्टी कंट्रोलर डॉ. रेणु बाला सहित परीक्षा विभाग के कई कर्मियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE: 20.06.2025, PAGE-04

### वोकेशनल कोर्स : आज आवेदन की अंतिम तिथि

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के विभिन्न कॉलेजों में संचालित वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए शुक्रवार को ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि है. गुरुवार तक पोर्टल पर कुल 3694 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया. सबसे अधिक 1503 आवेदन बीसीए के लिए प्राप्त हुआ है. वहीं इंडस्ट्रियल केमेस्ट्री और बैचलर ऑफ मास कम्युनिकेशन कोर्स के लिए आवेदन की संख्या दहाई अंक में भी नहीं पहुंची है. पूर्व निर्धारित शेड्यूल के अनुसार 25 जून को प्रवेश परीक्षा होनी है. वहीं जुलाई मे इसका परिणाम आएगा व नामांकन की प्रक्रिया होगी.

### अधिक आवेदन वाले विषयों में सीट बढ़ाने पर निर्णय

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के विभिन्न कॉलेजों मे स्नातक में दाखिले के लिए आवेदन लिया जा चुका है. अब मेधा सूची जारी करने की तैयारी है. इससे पूर्व नामांकन समिति की बैठक होनी है. नामांकन समिति की बैठक में सीटों का निर्धारण किया जायेगा. जिन विषयों में विद्यार्थियों की अधिक डिमांड है उनमें सीटों की वृद्धि पर विचार होगा. बताया गया कि इतिहास, हिंदी, राजनीति विज्ञान, गृहविज्ञान, भूगोल, जूलॉजी जैसे विषयों में अधिक आवेदन प्राप्त हुआ है. ऐसे में कॉलेजों में उपलब्ध इंफ्रास्ट्रक्चर के अनुसार सीटों की बढ़ोतरी पर निर्णय होगा. पिछले वर्ष संबंधित विषय में सीटों की स्थिति का भी आकलन किया जायेगा. डीएसडब्ल्यू डॉ आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि नामांकन समिति की बैठक के बाद शीघ्र मेधा सूची जारी की जायेगी.

### वोकेशनल कोर्स के विद्यार्थी 21 तक भर सकेंगे फॉर्म

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू ने दर्जन भर से अधिक वोकेशनल कोर्स की परीक्षा के लिए विलंब शुल्क के साथ फॉर्म भरने की तिथि विस्तारित की है. अब 21 जून तक छात्र-छात्राएं 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ फॉर्म भर सकते हैं. विद्यार्थियों को कहा गया है कि वे वेबसाइट पर फॉर्म भरने के बाद उसका प्रिंटआउट लेकर कॉलेज या संबंधित विभाग के माध्यम से शुल्क जमा करेंगे. कॉलेजों व विभागों को कहा गया है कि 23 जून तक फॉर्म भरने वाले सभी विद्यार्थियों का शुल्क व विवरण विश्वविद्यालय को उपलब्ध करा दें. कुछ विद्यार्थी परीक्षा फॉर्म नहीं भर सके थे. उनके आवेदन के आधार पर तिथि विस्तारित की गयी है. वोकेशनल कोर्स की परीक्षा इस महीने के अंत तक शुरू होने की उम्मीद है. इसको लेकर एडमिट कार्ड तीन-चार दिन पूर्व जारी होगा.

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE: 20.06.2025, PAGE-04

# नवनियुक्त परीक्षा नियंत्रक ने संभाला पदभार

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के नवनियुक्त परीक्षा नियंत्रक डॉ राम कुमार ने पदभार ग्रहण कर लिया. योगदान देने के बाद वे परीक्षा विभाग पहुंचे. यहां छात्र-छात्राओं की समस्याएं सुनीं और वोकेशनल कोर्स की परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की तिथि विस्तारित करने और प्रायोगिक परीक्षा को लेकर तिथि आगे बढ़ाने का पत्र जारी किया.मौके पर डॉ जयकांत सिंह, डॉ सुनील सिंह, प्रो प्रमोद, डॉ अनिल ओझा, संपदा अधिकारी डॉ दिलीप, इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेजेज आर्टस डॉ राजीव कुमार, डिप्टी कंट्रोलर डॉ रेणु बाला समेत परीक्षा विभाग के कर्मचारी मौजूद थे.

# विवि के दर्शनशास्त्र विभाग में आयोजित होगा योग शिविर

**मुजफ्फरपुर.** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शनिवार को बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में योग शिविर का आयोजन किया जाएगा. योग शिविर के आयोजक अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि 21 जून को विश्वविद्यालय दर्शनशास्त्र विभाग के योग सभागार में सुबह 7 बजे से योग शिविर लगेगा. इसमें विश्वविद्यालय व कॉलेजों के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मी व छात्र सम्मिलित होंगे. शिविर में कुलपति प्रो.दिनेश चंद्र राय, पीजी डिप्लोमा इन योगिक स्टडीज के निदेशक प्रो.सरोज कुमार वर्मा, समन्वयक डॉ पयोली सम्मिलित होंगे. योग शिविर में योग प्रशिक्षक योगाचार्य शैलेंद्र योगाभ्यास कराएंगे.